भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 1366

दिनांकः 30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

## आयात और निर्यात की स्थिति

**1366. श्री राम शिरोमणि वर्माः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान आयात एवं निर्यात की दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत की स्थिति तथा निर्यात की गई प्रमुख वस्तुओं की मात्रा एवं कीमत का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान निर्यात बढ़ाने के लिए उठाए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हाल के समय में निर्यात में कोई गिरावट आई है;

(घ)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ड.) निर्यात बढ़ाने, इसके विविधीकरण तथा लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं?

## उत्तर

### वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
### (श्री जितिन प्रसाद)

**(क):** वर्ष 2020 से वर्ष 2022 के दौरान विश्व व्यापारिक वस्तु में भारत का व्यापारिक वस्तु हिस्सा निम्नानुसार हैः

| वर्ष | निर्यात (% हिस्सा) | आयात (% हिस्सा) |
|---|---|---|
| 2020 | 1.57 | 2.09 |
| 2021 | 1.77 | 2.54 |
| 2022 | 1.82 | 2.82 |

*स्रोतः विश्व व्यापार संगठन*

विगत तीन वर्षों के दौरान प्रमुख पण्य वस्तु–वार मात्रा (जहां मानक इकाईयां विशिष्ट/वृद्धि शील हैं उन्हें लिया गया है), मूल्य और इकाई कीमत (मूल्य/मात्रा) को **अनुलग्नक I** में दर्शाया गया है।

**(ख) से (ड.):** भारत का व्यापारिक वस्तु निर्यात अप्रैल–जून, 2023–24 के दौरान 103.89 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर अप्रैल–जून 2024–25 के दौरान 109.97 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है, जो 5.8% की सकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रहा है।

भारत सरकार ने निर्यात वृद्धि, इसके विविधीकरण और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निम्नलिखित उपाए किए हैं:

(i) नई विदेश व्यापार नीति 31 मार्च, 2023 को लॉन्च की गई है और यह दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से लागू है।

(ii) पूर्व एवं पश्च शिपमेंट रुपया निर्यात क्रेडिट पर ब्याज समकरण स्कीम को भी दिनांक 31.08.2024 तक बढ़ाया गया है।

(iii) निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई स्कीमों नामतः निर्यात हेतु व्यापार अवसंरचना स्कीम (टीआइईएस) और बाजार अभिगम पहल (एमएआइ) स्कीम के माध्यम से सहायता प्रदान की गई।

(iv) श्रम उन्मुख क्षेत्र निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य और केंद्रीय लेवी और करों में छूट (आरओएससीटीएल) स्कीम 07.03.2019 से लागू की गई है।

(v) निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) स्कीम 01.01.2021 से कार्यान्वित की गई है। दिनांक 15.12.2022 से, फार्मास्यूटिकल्स, कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन और लोहे और इस्पात के सामान जैसे शामिल नहीं किए गए क्षेत्रों को आरओडीटीईपी के तहत शामिल किया गया है। इसी तरह, 432 टैरिफ लाइनों में विसंगतियों को दूर कर दिया गया है और संशोधित दरों को 16.01.2023 से लागू कर दिया गया है।

(vi) व्यापार को सुविधाजनक बनाने और निर्यातकों द्वारा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) के उपयोग को बढ़ाने के लिए उद्गम प्रमाणपत्र के लिए सामान्य डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया है।

(vii) प्रत्येक जिले में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों की पहचान करके इन उत्पादों का निर्यात करने के लिए अड़चनों को दूर करने और जिले में रोजगार सृजित करने के लिए स्थानीय निर्यातकों/विनिर्माताओं को सहायता प्रदान करने के लिए जिलों को निर्यात हब के रुप में लॉन्च किया गया है।

(viii) भारत के व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश के लक्ष्यों को बढ़ावा देने हेतु विदेशों में भारतीय मिशनों की सक्रिय भूमिका में वृद्धि की गई है।

(ix) विदेश में स्थित वाणिज्यिक मिशनों, निर्यात संवर्धन परिषदों, पण्य बोर्डो/प्राधिकरणों और उद्योग संघों के साथ नियमित रुप से निर्यात निष्पादन की निगरानी और समय–समय पर सुधारात्मक उपाए किए जाते हैं।

(x) भारत ने संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत ने व्यापार को सुविधाजनक बनाने हेतु साथी देशों के साथ विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता में रुपए व्यापार को भी अनुमति दे दी है।

**दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1366 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक–I**

विगत पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रमुख वस्तुवार मात्रा, मूल्य और इकाई कीमत (मूल्य/मात्रा)

| क्रम सं. | प्रमुख पण्य वस्तुएँ | इकाइयाँ | 2021-22 | | | 2022-23 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मात्रा | मूल्य मिलियन डॉलर ($) में | कीमत अमरीकी डॉलर में * | मात्रा | मूल्य मिलियन ($) में | कीमत अमरीकी डॉलर में * |
| 1 | पेट्रोलियम उत्पाद | टन | 99206108 | 67471.70 | 680.12 | 98834038 | 97468.45 | 986.18 |
| 2 | ड्रग फॉर्मूलेशन, बायोलॉजिकल | टन | 621742 | 19001.09 | 30.56 | 619536 | 19458.62 | 31.41 |
| 3 | सोना और अन्य कीमती धातु आभूषण | टन | 1159335 | 11058.79 | 9.54 | 1314713 | 12354.42 | 9.40 |
| 4 | लोहा और स्टील | टन | 23847678 | 22906.20 | 960.52 | 12960088 | 13397.48 | 1033.75 |
| 5 | मोटर वाहन/कार | संख्या | 1223708 | 7573.30 | 6188.81 | 1108892 | 8718.37 | 7862.24 |
| 6 | एल्यूमीनियम, एल्यूमिनियम के उत्पाद | टन | 3462286 | 10641.56 | 3073.57 | 2874727 | 8877.07 | 3087.97 |
| 7 | कार्बनिक रसायन | टन | 6878306 | 10946.37 | 1.59 | 4556571 | 9640.75 | 2.12 |
| 8 | समुद्री उत्पाद | टन | 1398014 | 7772.36 | 5.56 | 1754205 | 8077.98 | 4.60 |
| 9 | चावल – बासमती | टन | 3943717 | 3537.49 | 896.99 | 4561211 | 4787.65 | 1049.65 |
| 10 | थोक दवाएँ, दवा अन्तर्वर्ती | टन | 450732 | 4468.53 | 9.91 | 435816 | 4709.22 | 10.81 |
| 11 | चावल (बासमती के अलावा) | टन | 17288961 | 6133.63 | 354.77 | 17792144 | 6356.71 | 357.28 |
| 12 | मसाले | टन | 1427718 | 3896.03 | 2.73 | 1312263 | 3785.36 | 2.88 |
| 13 | कृषि रसायन | टन | 648628 | 4896.64 | 7.55 | 630320 | 5379.25 | 8.53 |
| 14 | जहाज, नाव और तैरने वाली संरचनाएं | संख्या | 3704 | 3600.73 | 972118.08 | 17364 | 4035.25 | 232391.69 |
| 15 | लौह अयस्क | टन | 26495553 | 3248.23 | 122.60 | 21167568 | 1797.52 | 84.92 |
| 16 | कपास का धागा | टन | 1386904 | 5498.17 | 3964.35 | 663139 | 2752.41 | 4150.58 |
| 17 | भैंस का मांस | टन | 1175325 | 3303.78 | 2810.95 | 1175532 | 3193.69 | 2716.80 |
| 18 | सौंदर्य प्रसाधन और प्रसाधन सामग्री | टन | 746170 | 1973.96 | 2.65 | 763560 | 2408.58 | 3.15 |
| 19 | प्लास्टिक का कच्चा माल | टन | 2677656 | 4163.66 | 1554.97 | 1907342 | 3234.42 | 1695.77 |
| 20 | चीनी | टन | 10457080 | 4602.65 | 440.15 | 11755644 | 5770.83 | 490.90 |
| 21 | दो और तीन पहिया वाहन | संख्या | 3941874 | 2985.30 | 757.33 | 3295770 | 2787.89 | 845.90 |
| 22 | एटीएम, इंजेक्शन मोल्डिंग मशीनरी आदि | टन | 274042 | 1929.46 | 7.04 | 311164 | 2369.60 | 7.62 |
| 23 | रंग | टन | 544599 | 3078.62 | 5.65 | 421142 | 2422.81 | 5.75 |
| 24 | अकार्बनिक रसायन | टन | 2600487 | 1766.59 | 0.68 | 2490171 | 2174.21 | 0.87 |
| 25 | प्लास्टिक शीट, फिल्म, प्लेट्स आदि | टन | 748062 | 2031.16 | 2.72 | 640617 | 1814.93 | 2.83 |

**** इकाई मूल्य=मूल्य(अमेरिकी डॉलर)/मात्रा(जैसा दर्शाया गया है)***

*स्रोतः डीजीसीआईएंडएस*

| क्रम सं. | प्रमुख पण्य वस्तुएँ | इकाइयाँ | 2023-24 | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | मात्रा | मूल्य मिलियन डॉलर में ($) | कीमत अमरीकी डॉलर में * |
| 1 | पेट्रोलियम उत्पाद | टन | 107744699 | 84156.74 | 781.08 |
| 2 | ड्रग फॉर्मूलेशन, बायोलॉजिकल | टन | 762926 | 21713.95 | 28.46 |
| 3 | सोना और अन्य कीमती धातु आभूषण | टन | 826902 | 13310.40 | 16.10 |
| 4 | लोहा और इस्पात | टन | 12831430 | 11859.36 | 924.24 |
| 5 | मोटर वाहन/कार | संख्या | 1023189 | 8254.55 | 8067.48 |
| 6 | एल्यूमीनियम, एल्यूमिनियम के उत्पाद | टन | 2766103 | 7681.04 | 2776.84 |
| 7 | कार्बनिक रसायन | टन | 3664954 | 7548.21 | 2.06 |
| 8 | समुद्री उत्पाद | टन | 1819635 | 7372.00 | 4.05 |
| 9 | चावल – बासमती | टन | 5242182 | 5843.30 | 1114.67 |
| 10 | थोक दवाएँ, दवा अन्तर्वर्ती | टन | 474619 | 4786.52 | 10.08 |
| 11 | चावल (बासमती के अलावा) | टन | 11116703 | 4573.41 | 411.40 |
| 12 | मसाले | टन | 1415210 | 4248.56 | 3.00 |
| 13 | कृषि रसायन | टन | 641747 | 4197.72 | 6.54 |
| 14 | जहाज, नाव और तैरने वाली संरचनाएं | संख्या | 7536 | 4059.47 | 538676.99 |
| 15 | लौह अयस्क | टन | 46374411 | 3913.87 | 84.40 |
| 16 | कपास का धागा | टन | 1214706 | 3780.22 | 3112.05 |
| 17 | भैंस का मांस | टन | 1295601 | 3743.26 | 2889.21 |
| 18 | सौंदर्य प्रसाधन और प्रसाधन सामग्री | टन | 871655 | 2909.06 | 3.34 |
| 19 | प्लास्टिक का कच्चा माल | टन | 1939036 | 2888.51 | 1489.67 |
| 20 | चीनी | टन | 4360623 | 2824.74 | 647.78 |
| 21 | दो और तीन पहिया वाहन | संख्या | 3124723 | 2772.44 | 887.26 |
| 22 | एटीएम, इंजेक्शन मोल्डिंग मशीनरी आदि | टन | 296526 | 2530.60 | 8.53 |
| 23 | रंग | टन | 441512 | 2154.92 | 4.88 |
| 24 | अकार्बनिक रसायन | टन | 2863098 | 2022.56 | 0.71 |
| 25 | प्लास्टिक शीट, फिल्म, प्लेट आदि | टन | 712300 | 1744.29 | 2.45 |

** इकाई मूल्य=मूल्य(अमेरिकी डॉलर)/मात्रा(जैसा दर्शाया गया है)*

*स्रोतः डीजीसीआईएंडएस*

***